आयोजन | यूपीईएस विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह ने 2656 छात्रों को दीं डिग्रियां

# समाज और देश की बेहतरी के लिए सोचें छात्र : राज्यपाल

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। राज्यपाल गुरमीत सिंह (लेफ्टिनेंट जनरल से.नि.) ने कहा कि डिग्री और मेडल हासिल करने के बाद अहंकार से दूर रहकर समाज और देश के लिए कुछ बेहतर करने का सोचें। हमेशा ध्यान रखें कि आपको यहां तक पहुंचाने में माता-पिता और गुरुजनों ने भी कठिन परिश्रम किया है। आपकी उपलब्धियों में माता-पिता के साथ ही गुरुजनों का अहम रोल है।

राज्यपाल शनिवार को यूपीईएस विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। जय हिंद के नारे के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि छात्र जीवन के मित्रों को हमेशा अपने साथ रखना। कहा कि गुरु नानक देव ने नम्रता, एकता, समानता और सेवा को ही सर्वोपरि बताया है। जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए इन चारों बातों का विशेष महत्व है। कहा कि भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। आप ने जो सीखा है अब उसे प्रयोग में लाने का समय आ गया है। भारत सेवा व विनिर्माण के क्षेत्र में दुनिया में कीर्तिमान बना रहा है। स्टार्टअप में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। वहीं, सोशल मीडिया और डिजिटल के क्षेत्र में दुनियाभर के साथ ही भारत में भी बदलाव आ रहे हैं। कहा, भारत आत्मनिर्भरता और कौशल विकास के क्षेत्र में तेजी से मजबूत हो रहा है।




यूपीईएस के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल गुरमीत सिंह (लेफ्टिनेंट जनरल से.नि.) के साथ डिग्रीधारक छात्र। स्रोत : सूचना विभाग

## 2656 छात्रों को दी गई डिग्री

विवि के 21 वें दीक्षांत समारोह में अकादमिक वर्ष 2022-23 के 2656 छात्रों को डिग्रियां सौंपी गई। इस मौके पर 15 स्वर्ण, 61 रजत पदक, सीसीआई ग्रेजुएट्स को 6 सिल्वर प्लेट और 24 प्रशस्तिपत्र वितरित किए गए।

## चांसलर ने शोध छात्रों को बताया गौरव

विवि कुलाधिपति डॉ. राम शर्मा ने अपने छात्रों, प्रोफेसर, विशेषज्ञों और शोध करने वालों को अपना गौरव बताया। उन्होंने विवि के पुराने छात्रों की उपलब्धियों के बारे में भी जानकारी दी। यूपीईएस की पूर्व छात्र श्रेष्ठ सिन्हा, बीटेक छात्र यशस्वी शुक्ला, नवनीत सिंह की उपलब्धियां बताईं।